पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल ने लखनऊ मैनेजमेंट एसोसिएशन के वार्षिक सम्मेलन का उद्घाटन किया

लखनऊः 5 दिसम्बर, 2014

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक ने कहा कि बिजली चोरी करने वालों को योग्य सजा मिलनी चाहिये। ट्रांसमिशन हानि को कम करने पर गंभीरता से विचार करें। विद्युत की उपलब्धता कम होते हुए भी भारत दुनिया का ऐसा देश है जहाँ विद्युत की बर्बादी सर्वाधिक है। बिजली सबके लिये उपलब्ध हो इसके लिये जरूरी है कि अपव्यय को रोका जाये। विकास के लिये बिजली की उपलब्धता, उचित अवस्थापना तथा अच्छे मानव संसाधन की जरूरत होती है। उन्होंने कहा कि संसाधनों का कुशलता एवं समयबद्धता के साथ उपयोग करने की चुनौती पर विचार करने की जरूरत है।

राज्यपाल आज इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में लखनऊ मैनेजमेंट एसोसिएशन के वार्षिक सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे। सम्मेलन का विषय 'उत्तर प्रदेश के विकास में ऊर्जा की भूमिका' था। इस अवसर पर लखनऊ मैनेजमेंट एसोसिएशन के निदेशक, श्री ए0के0 माथुर, मुख्य सचिव श्री आलोक रंजन, मुख्य वक्ता श्री गिरीश प्रधान, प्रमुख सचिव ऊर्जा, श्री संजय अग्रवाल व अन्य अतिथिगण उपस्थित थे।

श्री नाईक ने कहा कि हर समस्या का हल संवाद से निकल सकता है। उन्होंने संतोष जताया कि प्रदेश में बिजली समस्या में व्यापक सुधार होगा। आवश्यकता के अनुसार बिजली न होने से विकास का हर क्षेत्र प्रभावित होता है चाहे वह विद्यार्थी हो, कारोबारी हो, अस्पताल हो या अन्य कोई क्षेत्र हो। काम करने वालो का मनोबल बढ़ाने से कार्य में कुशलता आती है। निजी एवं सार्वजनिक क्षेत्र में विद्युत निर्माण में संतुलित समन्वय होना चाहिये। उन्होंने कहा आज के दौर में हर क्षेत्र में कुशलता की आवश्यकता है।

मुख्य सचिव, श्री आलोक रंजन ने बताया की प्रदेश सरकार विद्युत उपलब्धता को बढ़ाने के लिये कई महत्वकांक्षी योजनाओं पर काम कर रही है। सौर ऊर्जा पर भी कार्य हो रहा है। प्रदेश का विकास ऊर्जा के विकास पर निर्भर है। उन्होंने कहा कि लाईन हानि कम करने, विद्युत मीटर लगाने, कटिया हटा कर वैध कनेक्शन करने पर भी काम हो रहा है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2016 तक सभी जिला मुख्यालयों व शहरों को 24 घंटे बिजली की आपूर्ति की जायेगी और ग्रामीण क्षेत्र को भी 16 घंटे बिजली मिलेगी।

मुख्य वक्ता श्री गिरीश प्रधान ने अपने आधार व्याख्यान में पारेषण, वितरण एवं लाईन हानि पर विस्तृत सम्बोधन दिया।

राज्यपाल ने इस अवसर पर लखनऊ मैनेजमेंट एसोसिएशन द्वारा प्रकाशित एक जर्नल का भी विमोचन किया।

Uttar Pradesh Jal Vidyut Nigam Ltd.
Institutional Support
imrt BUSINESS SCHOOL
Lucknow Management Association
PRESENTS
ANNUAL CONVENTION 2014
on
Driving U.P.'s Growth through Power Sector
December 05, 2014, Indira Gandhi Pratishthan
NABARD
TATA MOTORS
LMA
ANNUAL CONVENTION 2014
on
Driving U.P.'s Growth through Power Sector
AIMA

AIMA
ALL INDIA MANAGEMENT ASSOCIATION
Lucknow Management Association
PRESENTS
ANNUAL CONVENTION 2014
on
LMA
Journal Sponsored by
NABARD
Sponsors
PTC INDUSTRIES
Alok Ranjan IAS
Sri Ram Naik

CONVENTION 20
ng U.P.'s Growth through Power Secto
December 05, 2014, Indira Gandhi Pratishthan

LMA
NABARD
Sponsors
PTC INDUSTRIES
AIMA
Lucknow Management Association
ANNUAL CONVENTION 2014
U.P.'s Growth through Pow
December 05, 2014, Indira Gandhi Pratis